# Overview

यह दस्तावेज़ “कम्युनिटी जस्टिस एक्सचेंज” द्वारा इस निगरानी कार्यक्रमों में एनरोल कीये हुए लोगों, सामुदायिक आयोजकों, और भरोसेमंद आव्रजन वकीलों के साथ लिखा गया था. यह कानूनी सलाह नहीं है, सिर्फ आप की जानकारी के लिए है ।

# ICE कि निगरानी:

## अपने लोगो कि रक्षा करें

आप ICE और/या ISAP/BI के साथ चेक-इन करते हैं? गिरफ्तारी का खतरा के बारे में जानें: आगे कि योजना बनाकर और  अपने अधिकारों जानकर इस खतरा को कम किया जा सकता हे। हमारी आशा हे कि इस दस्तावेज कि जानकारी से आप अपने औ अपने परिवार के लिये सही फैसला कर सकें। याद रखें कि सब से सुरक्षित परिवार वह है जो सब से शिक्षित हे। आप अकेले नहीं हैं!

---

## जरूरी सिफारिशें

चेक-इन के लिये कभी अकेले नहीं जाना चाहिये। हमेशा अपने साथ किसी को ले कर जाएं. ऐसा कोई ले के जाइये जिन को गिरफ़्तारी का खतरा नहीं है (उदाहरण के लिए- कोई U.S. का नागरिक).

1. अपने इमीग्रेशन मामले की स्थिति जाने क्योंकि इससे आपके जोखिम के स्तर पर बहुत फर्क पर त है । अपने मामले के बारे में और जान ने के लिए इस टोल-फ्री नंबर को कॉल सकते हैं: 800-898-7160 । कृपया ध्यान दें की दी गयी जानकारी हमेशा सही नहीं होती है । (उदाहरण जो जोखिम बढ़ा सकते हैं: आपके पास डेपोर्टेशन आदेश है और कोई अपील नहीं बचे हैं, आपके पास निर्वासन पर रोक है जो समाप्त होने वाला है, आपका मामला बंद हो गया है लेकिन आप अभी तक ICE के साथ चेक-इन करते हैं ।
2. सुरक्षा और चेक-इन में सहायता के लिए किसी सामुदायिक संगठन से संपर्क करें । कुछ संघटन आपके साथ चेक-इन में जाने का प्रस्ताव दे सकते हैं । जैसे ही आपका अपॉइंटमेंट बनता है, संघटन को बता दें, क्योंकि इस से उन से मदद मिलने की सम्भावना बढ़ती है।

3. ICE और BI के साथ चेक-इन करने से पहले जोखिमों और सुरक्षात्मक उपाय के बारे में किसी वकील से बात करें। इस कार्यक्रम से बाहर निकालने में मदद करने के लिए कहें- या इन कार्यक्रम में आपकी भागीदारी कम करने में मदद करने के लिए कहें। अगर आप के पास वकील नहीं है, तो आप इस डायरेक्टरी का उपयोग कर सकते हैं मुफ़्त क़ानूनी सहायता खोजने के लिए।
4. अगर आपको लगे की आप खतरे में हैं, तो अपने अंदर की आवाज़ पर भरोसा करें। अपनी सहायता टीम या किसी संस्थान संघटन को कॉल करें जो आपके मदद करने के लिए तैयार हो सकें।

---

# इन बातों का ध्यान रखें

**→ ध्यान रखें की जिस प्रकार के चेक-इन में आप शामिल हैं, उसे कौन संचालित करता है और उनके पास आपको निवर्सिट करने या आपके खिलाफ अन्य कार्रवाई करने का क्या अधिकार है।**

1. इस फील्ड-ऑफिस चेक-आईएनएस: ICE एक कानून प्रवर्तन एजेंसी है जो U.S. में इमिग्रेंट्स पर निगरानी रखती है। उनके पास इमिग्रेंट्स को गिरफ़्तार करने, हिरासत में लेने, और निर्वासित करने का अधिकार है। वे उन इमिग्रेंट्स की भी निगरानी करते हैं जो निर्वासन प्रकृति में हैं लेकिन हिरासत में नहीं है। आमताओं पर इसमें उनके ऑफिस में नियमित रूप से (हर कुछ महीने में या साल में एक बार) रिपोर्ट करना शामिल होता है और या तो किसी अधिकारी से सीधे बात करना या CART-kiosk का उपयोग करके चेक-इन करना होता है।
2. ISAP चेक-इन/BI चेक-इन: ICE या कोई इमीग्रेशन जज आप को एक नाम का बड़ी हुई निगरानी का कार्यक्रम में एन्रोल कर सकते हैं. ISAP का प्रभंदन एक BI नाम की निजी कंपनी से किया जाता है। इस कार्यक्रम में, जीपीएस, फ़ोन का ऍप SmartLink, VeriWatch , फ़ोन से चेक-आईएनएस, या दफ्तर और घर में चेक- इन सब BI के “Case Managers” करते हैं। BI आप को किसी कंपनी के पास भेज सकती है जिस के साथ वह अनुबन्धित है। BI शक्तिशाली है क्योंकि ICE को बताती है आप कार्यक्रम के अवश्यक्तों को पूरा कर रहे हैं या नहीं। याद रखें: आपके मामले में क्या होगा, इस पर BI का नहीं, बल्कि ICE का अधिकार है।
3. CMPP Appointments: Case Management Pilot Program (CMPP) एक नया कार्यक्रम है जिस का प्रबंधन नॉनप्रॉफिट संगठनों और होमलैंड सिक्योरिटी विभाग से किया

जाता है । कार्यक्रम में लोगों को आव्रजन प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए जानकारी, मार्गदर्शन, और सेवाएं प्राप्त होते हैं । हम नहीं जानते हैं की ICE इस कार्यक्रम से कितने बार जानकारी प्राप्त करता है । CMPP के Case Managers के ICE द्वारा बुलाने की संभावना नहीं है. लेकिन हमें लगता है कि जिन भी लोगों की जानकारी किसी भी कार्यक्रम से ICE को भेजी जाती है, उन्हें ध्यान रख के आगे की योजना बनानी चाहिए ।

🚨आप के चेक-इन के विवरण उस दस्तावेज़ में लिखे होंगे जो आप को कार्यक्रम में एनरोल करने पर मिले थे । अगर आप को सहायता की आवश्यकता है, किसी भरोसेमंद कम्युनिटी आर्गेनाइजेशन से अपने साथ दस्तावेज़ पढ़ने के लिए कहें ।

### ➔ उन कारकों का ध्यान रखें जो गिरफ्तारी और हिरासत के जोखिम को बढ़ाते हैं

आगे की सूचि में वह मुद्दे शामिल हैं जो ICE को आपके मामले पर विचार करने का कारण दे सकते हैं, खासकर यदि ये मुद्दे आपके पिछले चेक-इन के बाद हुए हों । इन उद्धरण का मतलब यह नहीं है की आपको गिरफ्तार किया जायेगा ।

1. अगर आप पर अंतिम निर्वासन का आदेश है । (भले ही कोई इमीग्रेशन जज ने आप का निर्वासन आदेश किया है, यह आदेश अंतिम नहीं है यदि आप के पास कोई अपील लंबित है या आप के पास आव्रजन न्यायालय या संघीय न्यायालय से कोई वैध आदेश है जो ICE को आपको हटाने से रोकता है) ।
2. पुलिस के साथ कोई भी नया संपर्क – चाहे आप गिरफ़्तार हों या नहीं ।
3. कानूनी प्रणाली के साथ कोई भी संपर्क ।
4. यदि आपने कभी भी इमीग्रेशन कोर्ट मिस किया है, चाहे कारण कुछ भी हो ।
5. यदि, आप के पिछले चेक-इन के बाद, आप इमीग्रेशन कार्यक्रम की कोई भी स्थिति पूरी करने में असफल रहे हैं ।
6. ICE की मांगें पूरी न करना: पासपोर्ट जमा नहीं करना या समय पे *asylum* के लिए आवेदन नहीं करना ।
7. ICE और BI के बीच में कोई भी खराब संचार: आप का BI केस मैनेजर और ICE अफसर अलग निर्देश दे सकते हैं. याद रखना की ICE के पास अंतिम अधिकार है, हमेशा उनकी बात मानें और कोई भी विवाद को सुलझाने का प्रयास करें ।
8. बिना अनुमति के काम करना जबकि ICE आप पर निगरानी रख रहा है ।

### ➔ ICE आप को गिरफ्तार करने को या आप की निगरानी बढ़ाने की सोच रहे हैं? यह हैं कुछ उद्धरण जिन से पता चलता है वो ऐसे कार्रवाई करने पर विचार कर रहे हैं 🚩🚩🚩

➢ आप को ऑफिस में रिपोर्ट कर ने के लिए केस मैनेजर से कॉल मिलता है ।

➢ आप के फोन चेक-आईएनएस की जगह ऑफिस चेक-आईएनएस हो रहे हैं ।
➢ आप का मामला समाप्त हो गया है और जीतने की सब ही सम्भावैन समाप्त हो गयी हैं ।
➢ पुलिस आप को गिरफ़्तार कर लेते हैं और आप पर नया अपराध आरोपित कर दिया जाता है ।
➢ आप जमानत पर बाहर हैं, और जिस ने आपका जमानत पत्र भेजा है, उसे “विदेशी को सौंपने का नोटिस” मिलता है ।
➢ ISAP आप को सूचित करता है की आप को एक निश्चित तिथि तक हटा दिया जायेगा, और आप को ऑफिस आकर अपना प्रस्थान की तैयारी करने के लिए कहेंगे.

**🔴यदि आपको इनमें से कोई भी उदाहरण मिले तो कार्रवाई करें।🔴**

---

# हम एक दूसरे को सुरक्षा कैसे रक्खें ?🤝🤝🤝

◆ ICE से, अपने ISAP/BI के केस मैनेजर से, या किसी अन्य कार्यक्रम में आप एनरोल हुए हैं, के साथ सब बात का दस्तावेजकरण करें । नाम, तरीक, और आप को जो बताया जा रहा है, इन सब चीजों का नोट बना लें ।
◆ सिस्टम में गलतियां आपको प्रोग्राम की शर्तों को तोड़ने का कारण बन सकती हैं । दस्तावेज़ बनाएँ कि आपने अनुपालन करने का प्रयास किया. यदि आपके साथ ऐसा होता है, तुरंत अपने केस मैनेजर से संपर्क करें ।
◆ कोशिश कारें कि कभी भी अपॉइंटमेंट मिस ना करें, लेकिन अगर आपको कोई अपॉइंटमेंट मिस करना पड़े तो रेसचेड्ूले ज़रूर करें । अगर आप कोई कॉल मिस करते हैं, तुरंत जवाब दें और कॉल-बैक करने की अपनी कोशिश का स्क्रीनशॉट लें ।
◆ ISAP कार्यक्रमों से बहार निकलने या भागीदारी कम करने के लिए कहें । ICE के साथ कम संपर्क होने से उनके लिए आपके पीछे आना मुश्किल हो जाता है ।
◆ अगर आपको किसी ऐसे अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है, जिस से आपको निर्वासन का जोखिम बढ़ सकता है, आप किसी वकील से क्षमादान और अपने जोखिम को कम करने के अन्य तरीकों के बारे में बात करें ।
◆ ऐसे नेटवर्क और समूहों से कनेक्ट करें जो लोगों को निर्वासन से बचाते हैं और उनकी रक्षा करते हैं । सक्रिय रहे: जानें कि अगर आप पे खतरा है तो कौन आप की मदद करेगा । अगर आप को किसी समूह खोजने में सहायता की आवश्यकता है, इस डायरेक्टरी में देखें ।
◆ अपनी और अपनी परिवार की सुरक्षा के लिए योजना बनाएं: जानें किस को कॉल करना है, दस्तावेज़ को किसी सुरक्षित जगह रखें, और चिकित्सा और वित्तीय आवश्यकताओं के लिए योजना बनाएं ।

- यदि आप का घर या ऑफिस आप के लिए या आप के परिवार के लिए असुरक्षित है, फिर जाने के लिए सुरक्षित स्थान ढूँढें ।
- अगर आपके पास कोई इमीग्रेशन वकील नहीं है, कृपया एक खोजें । आप अपने स्थानीय कम्युनिटी आर्गेनाइजेशन से भरोसेमंद वकीलों के नाम और संपर्क जानकारी मांग सकते हैं । इस डायरेक्टरी का उपयोग कर सकते हैं मुफ़्त क़ानूनी सहायता खोजने के लिए.
- आव्रजन कार्यक्रमों पर ट्रेनिंग लें. जानें कि वे कैसे काम करते हैं, उनके लक्ष्य क्या, और अपनी केस कैसे लादेन । और जानकारी के लिए अपने कम्युनिटी आर्गेनाइजेशन से संपर्क करें ।

यदि आप के कोई सवाल हैं या आप गिरफ़्तार या चेक-इन में कोई कुप्रथा रिपोर्ट करना चाहते हैं, कृपया cdm@communityjusticeexchange.org को ईमेल लिखे ।